**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-34 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 34- (क) क्या उप मुख्य मंत्री विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित प्रश्नकर्ता द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-27 (क) एवं (ख) के उत्तर के क्रम में बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2019-2020 एवं 2020-2021 में मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम-कल्यानपुर, विकास खण्ड-कुरावली, जनपद-मैनपुरी में स्वीकृत परियोजनाओं में से क्रमश: तीन-तीन परियोजनाएं कौन-सी शेष बची हैं? | मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम कल्यानपुर विकास खण्ड कुरावली जनपद मैनपुरी में वित्तीय वर्ष 2019-20 में कुल 12 परियोजनायें स्वीकृत की गयी थी, जिसमें 09 परियोजनायें पूर्ण हो गयी हैं व 03 परियोजनायें अपूर्ण हैं। जिनका विवरण निम्नवत् है:-<br>1. नगरा से श्री भोजराज के खेत तक नाला की सिल्ट सफाई।<br>2. सिंचाई नाली पुलिया से नगरा से चकमार्ग तक।<br>3. डामर रोड से ट्रांसफार्मर से नाली तक चकमार्ग।<br>उपरोक्त तीन कार्य विवाद होने के कारण पूर्ण कराये जाने सम्भव नहीं है।<br>मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम कल्यानपुर विकास खण्ड कुरावली जनपद मैनपुरी में वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल 17 परियोजनायें स्वीकृत की गयी थी, जिसमें 14 परियोजनायें पूर्ण हो गयी है व 03 परियोजनायें अपूर्ण थी, जिनका विवरण निम्नवत् है:-<br>1. श्री छोटेलाल पुत्र श्री रघुवीर का पशुवाड़ा।<br>2. श्री उमेश का पशुवाड़ा।<br>3. श्री अनिल पुत्र श्री जहान सिंह का शोकपिट निर्माण। |
| (ख) क्या उक्त परियोजानाओं को पूर्ण करा दिया गया है? | जी नहीं,<br>वित्तीय वर्ष 2019-20 की उक्त तीनों परियोजनाएं विवादित होने के कारण पूर्ण कराना सम्भव नहीं है।<br>वित्तीय वर्ष 2020-21 की उक्त तीनों परियोजनाओं की स्थिति निम्नवत् है-<br>(1) श्री छोटेलाल पुत्र श्री रघुवीर का पशुवाड़ा माह अगस्त, 2022 को पूर्ण करा दिया गया |

| | |
|---|---|
| | है और वांछित धनराशि रू0 1.10646 लाख का भुगतान भी दिनांक 05.09.2022 को कर दिया गया है। |
| | (2) श्री उमेश के पशुवाड़ा का निर्माण सम्भव नहीं है, क्योंकि श्री उमेश के पास मानक के अनुसार जमीन उपलब्ध नहीं है। इस परियोजना पर कोई शासकीय धनराशि व्यय भी नहीं की गयी है। |
| | (3) श्री अनिल पुत्र श्री जहान सिंह का शोकपिट निर्माण कार्य माह अगस्त, 2022 में पूर्ण करा दिया गया है। तकनीकी समस्या होने के कारण भुगतान नहीं हो सका है। तकनीकी समस्या का समाधान कर भुगतान की कार्यवाही शीघ्र कर दी जायेगी। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब और उन परियोजनाओं पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई है? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**केशव प्रसाद मौर्य**
**उप मुख्यमंत्री।**